सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सूरज कुमार महावर पुत्र श्री हीरालाल निवासी– बडवा तहसील बस्सी जिला जयपुर राज. 303305

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

अपील संख्या 130/2025

निर्णय

दिनांक 07.11.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2025/2770 दिनांक 24.10.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा ने पत्र कमांकः आर.टी.आई./2025/926 दिनांक 27.10.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई आयुक्त, नगर परिषद दौसा से संबंधित होने से आयुक्त, नगर परिषद दौसा को वांछित सूचना अपीलांट को उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये है। आयुक्त, नगर परिषद दौसा के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपील सुनवाई का क्षेत्राधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:24:19 IST
Reason: SelfAttested